यूपी में देश-विदेश के उद्यमी ले रहे हैं रुचि : मुख्य सचिव

- आईसीएआई अधिवेशन को संबोधित किया
- प्रदेश में एक्सप्रेस वे का नेटवर्क बन रहा

लखनऊ। प्रदेश के मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश में जिस तेजी से विकास हो रहा है, वह अभूतपूर्व है। पिछले 5 वर्षों की कड़ी मेहनत के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में ऐसा माहौल बनाया कि उत्तर प्रदेश एक अपॉर्चुनिटी (अवसर) का प्रदेश उभरकर सामने आया है। उत्तर प्रदेश में देश व विदेश के उद्यमी रुचि ले रहे हैं। डिफेंस, टेक्सटाइल, आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स तमाम सारे सेक्टर्स में बड़े-बड़े इन्वेस्टमेंट उत्तर प्रदेश में आ रहे हैं। उत्तर प्रदेश देश की दूसरी अर्थव्यवस्था की तरफ तेजी से आगे बढ़ रहा है।

दुर्गा शंकर मिश्र ने द इंस्टीट्यूट ऑफ कास्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आई0सी0ए0आई0) के 60वें राष्ट्रीय अधिवेशन को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक्सप्रेसवेज व हवाई अड्डे का नेटवर्क तैयार हो रहा है। पांच शहरों में मेट्रो का नेटवर्क है। प्रदेश में बन रही है देश की पहली (आरआरटीएस) दिल्ली से मेरठ की दूरी 16 स्टेशन पर होते हुए मात्र 55 मिनट में पूरा करेगी।